
2020-9-10 12:42



2020-9-8 18:00


2020-9-7 17:41




CHAKKI ATTA





# गांव में प्लांट बनाकर किया मशरूम का उत्पादन

सतीश जोशी सत्तू (संवाद)

**चंपावत।** पहाड़ से पलायन रोकने के लिए जिला मुख्यालय के दूरस्थ क्षेत्र कोट अमोड़ी ग्राम सभा के लेक अमोड़ी गांव निवासी बालकृष्ण भट्ट ने मशरूम उद्योग खोला है। इनका मुख्य उद्देश्य पहाड़ों से लगातार हो रहे पलायन एवं यहां के लोगों को रोजगार से जोड़ने का है। इन्होंने इस उद्योग को रोड से करीब तीन किमी की दूरी पर चमतोला गांव में एक प्लांट बनाकर शुरू किया है। उत्पादन के बाद मशरूम को बाजार में बेचा जा रहा है।

लेक अमोड़ी गांव निवासी मथुरा दत्त ने बताया कि इससे पूर्व बालकृष्ण एक प्राइवेट कंपनी में काम करते थे। काफी साल वहां काम करने के बाद इन्होंने स्वरोजगार के लिए अपने गांव को चुना और मशरूम उत्पादन का फैसला किया। 25 फरवरी से 20 मार्च तक पहली पैदावार हो चुकी है, जिसमें से पहली पैदावार में 50 से 60 किलो फसल पैदा हो चुकी है। बालकृष्ण ने बताया कि मशरूम उगाने के लिए उन्होंने कोई लोन भी नहीं लिया है। मशरूम पैदा करने के लिए उन्होंने अपने निजी खर्च से प्लांट लगाया और उसमें सफलता पाई।

**गांवों से हो रहा पलायन रोकने के लिए बालकृष्ण ने शुरू किया स्वरोजगार**



लेक अमोड़ी गांव निवासी मथुरा दत्त।

### जिले के सभी स्टेशनों दुकानों में बेचेंगे मशरूम

**चंपावत।** बालकृष्ण भट्ट ने बताया कि वह मशरूम को यहां से चंपावत के पूरे जिले में डिमांड आने पर सप्लाई किया जाएगा। पहली पैदावार होते ही लोगों की मांग आने लग गई है। ग्रामीण क्षेत्रों के लिए होम डिलीवरी का भी प्रावधान किया जाएगा। मार्केट में मशरूम की कीमत 300 रुपये किलो है, जबकि यहां मशरूम 150 रुपये किलो बेचा जा रहा है। संवाद









🙏👌 ढींगरी मशरूम तैयार हैं. सब्जी के लिए
23/03/2020कल सोमवार को मशरूम तोड़ा जायेगा. मशरूम की कीमत ताज़ा मशरूम 150रुपए प्रति kg के हिसाब से दिया जायेगा. जो कि गाँव लेक अमोड़ी. कोट अमोड़ी. संदरका. बगेला. एडिसेरा. सजौली. और अमोड़ी मार्केट तक डिमांड मिलने पर घर घर तक पहुंचाया जायेगा.
👍👍👌👌 wtsp and कालिंग मोबाइल no
-7057651208






INDIAN ARMY
ALL SPORTS DEPARTMENT
RIDE


TEMPERATURE
20.9°C
6:51
53%
CLOCK/HUMIDITY
HTC-1
MODE
ADJ
MEMORY